राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा राजस्थान जयपुर
''वित्त भवन'' जनपथ, जयपुर–302015
(दूरभाष 0141–2740735, फैक्स 0141–2742309, ई मेल :jacct.dta@rajasthan.gov.in)

क्रमांकः–एफ.4(ई)(1)(6) / भर्ती / 2023 / अलेसे–III / 1207 दिनांक :– 23.10.2024

**श्री सुभाष चन्द डीगवाल, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I**
**निदेशालय निरीक्षण विभाग,**
**जयपुर।**

**विषयः– कारण बताओ नोटिस।**

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि आपको कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार भर्ती परीक्षा 2023 में अनन्तिम रूप से सूचीबद्ध अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन हेतु कार्यव्यवस्थार्थ लगाया गया है, तथा विभागीय आदेश क्रमांक 1158–61 दिनांक 17.10.2024 द्वारा आपको दस्तावेज सत्यापन दल संख्या 15 में प्रभारी नियुक्त किया गया है। अधोहस्ताक्षरकर्ता के ध्यान में लाया गया है कि आप दस्तावेज सत्यापन कार्य में स्वैच्छा से अनुपस्थित चल रहे हैं, तथा विभागीय अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा अनुपस्थिति का कारण पूछने पर आपका रवैया भी उनके प्रति सन्तोषपूर्ण नहीं है। आपका उक्त कृत्य लापरवाही एवं अनुशासनहीनता का द्योतक है। उक्त सम्बन्ध में आप अपना स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष 03 दिवस में प्रस्तुत करावें, अन्यथा आपके विरूद्ध सीसीए नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

(भूपेश माथुर)
निदेशक एवं पदेन
संयुक्त शासन सचिव